हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 2 मई 2026



तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

3

जनगणना को सफल बनाने नुक्कड़ नाटक और एलईडी से संदेश



## खबर संक्षेप



### विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया मजदूर दिवस

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश एवं जिला सचिव एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ अध्यक्ष न्यायाधीश के आदेशानुसार आज अंतरास्ट्रीय मजूदर दिवस ग्राम पंचायत छाल मे मनाया गया। जिसमें गांव के सरपंच मजूदरों आम जनता थाना स्टॉप पैरा लिगल वालिंटियर मौसमी शर्मा द्वारा बताया गया कि मजूदर दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य है। श्रमिकों के बड़ा योगदान अधिकारों की रक्षा करना चाहिए और उन्हें सम्मान देना है पहले के समय में मजूदरों बहुत काम कराया जाता था और उन्हें उचित वेतन नही मिलता था अधिकारों के लिए के आंदोलन का आयोजन किया गया जिसके बाद उन्हें आराम मिला अभी मजूदर को विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं जैसे निर्माण कार्य खेती उधोग और सेवाएं में हर जगह उनका योगदान रहता है उनके परिश्रम का सम्मान करना चाहिए और उनके परिश्रम का सम्मान करना चाहिए और उनके अधिकारों का रक्षा करना चाहिए और आज के दिन अवकाश भी रहता है और उनके मेहनत को सम्मान दिया जाता है मजूदर को आठ घण्टे का काम करने का अधिकार है और उनके शोषण के खिलाफ एकता का अधिकार है।

### सुशासन तिहार के पहले शिविर का आयोजन

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भटगांव के सांस्कृतिक भवन में सुशासन तिहार 2026 के तहत पहला शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पूजा.अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आकर्षक स्टॉल भी लगाया गयाए जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने.अपने स्टॉल लगाए गएए जहां अधिकारियों ने आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

### चुनावी घोषणा पत्र में 100 दिन के भीतर नियमित करने का था वादा 800 दिन बाद भी अधूरा

# दैनिक कर्मियों ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था, लेकिन आज 800 दिन बीतने के बाद भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे में मजदूर दिवस पर प्रदेश के कई जिलों से आए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने मिनी स्टेडियम से रैली निकाली और नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वे वित्त मंत्री निवास घेराव करने निकले थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई। ऐसे में कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट घेराव करते हुए अपनी मांगे रखीं।

प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश में सरकार बनने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता तथा वर्तमान में पदस्थ कैबिनेट मंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केदार कश्यप, ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ फेडरेशन के मंच में आकर घोषणा की था कि भाजपा की सरकार बनने पर दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा । किंतु आज इस वादे को 800 दिन बीते चुके हैं, लेकिन आज तक न तो नियमितीकरण का पता है और ना ही स्थायीकरण को लेकर सरकार कुछ कहने और करने को तैयार हो रही है। यही वजह है कि मजदूर दिवस में किए गए रैली व प्रदर्शन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्कुल शिक्षा विभाग, बीज निगम, वन विकास निगम, लघुवनोपज संघ सहित स्कूल सफाई कर्मचारी भी शामिल थे।

इस दौरान समस्त विभाग, निगम, मंडल, बोर्ड में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा एन्ट्री आपरेटर, तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक को नियमितीकरण का लाभ देने की मांग की गई।

जिन कर्मचारियों ने 02 वर्ष सेवा पूर्ण कर ली है उन्हे मध्यप्रदेश राज्य की तर्ज पर स्थायीकरण करने की मांग की है। इसके अलावा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए आकस्मिकता कार्यभारित किये जाने के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग में भेजा गया है, जिसे अब तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ।

#### आउट सोर्स व प्लेसमेंट पर रोक लगाने की मांग

साथ ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने श्रम सहिता कानून लागू कर केन्द्र के समान वेतन देने की मांग की है। दिया जायें । सरकार ने श्रम सम्मान राशि दिए जाने का वादा किया था । जिसके तहत 4 हजार रूपए उन्हें मिलना था, लेकिन अब भी उन्हें इससे वंचित रखा गया है। समस्त विभागों,निगम, मंडल, बोर्ड में आउटसोर्स, प्लेसमेंट ठेका के माध्यम से की जा रही कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगाने की मांग की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग में सफाई कर्मचारियों को 3 हजार 500 रुपए मानदेय देकर अल्प वेतन पर कार्य कराया जा रहा है जिसें 08 घंटा कार्य लेकर पूर्णकालिक करते हुए श्रमायुक्त दर से वेतन प्रदान करने की मांग की गई है।

#### मजदूर दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग

इसके अलावा प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने समस्त विभागों में तृतीय एवं चतुर्थ को समाहितीकरण करने की मांग की है । साथ ही 01 मई मजदूर दिवस को शासकीय अवकाशश्रेणी के रिक्त पदों पर योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों घोषित करने की मांग की है। संयुक्त वन प्रबंधन समिति,एएनआर, वन विकास अभिकरण, वृक्षारोपण में कार्य करने वाले सुरक्षा श्रमिकों को प्रतिमाह श्रमासुक्त दर से वेतन भुगतान करने की मांग की गई है।

### जूटमिल क्षेत्र में जुआ फड़ पर कार्रवाई, 8 जुआरी गिरफ्तार

**रायगढ़।** बीती रात थाना साइबर और थाना जूटमिल की संयुक्त टीम ने जूटमिल क्षेत्र के मौदहापारा में दबिश देकर जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया। पुलिस स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ व्यक्ति रुपये-पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस टीम को देखकर कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मामले की जांच में सामने आया कि पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद फिरोज उर्फ छोटू और जय सिंह थाना जूटमिल क्षेत्र के सूचीबद्ध गुण्डा-बदमाश हैं। इस कार्रवाई में अलेख कुमार पटेल पिता नारायण पटेल उम्र 47 वर्ष, भरत माखीजा स्व0 दुलाराम माखीजा उम्र 50 वर्ष, मोहम्मद फिरोज पिता अमीर उम्र 35 वर्ष, हमीद अली पिता रमजान अली उम्र 45 वर्ष, कर्नल सिंह दिलीप सिंह उम्र 52 वर्ष, जय कुमार सिंह स्व० नरसिंह उम्र 44 वर्ष, मोहम्मद अजीज मोहम्मद अमीर उम्र 40 वर्ष और मोहम्मद गुलफाम पिता मोहम्मद महरूम उम्र 53 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना जूटमिल में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 170/126, 135(3) BNSS के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जिन्हें चार आरोपियों का जेल वारंट पर जेल भेजा गया है।

## चार नकाबपोशों ने रोका रास्ता, कट्टा दिखाकर व्यापारी से लूटा 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार व्यापारी को कट्टा दिखाकर नगद व मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है । शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए व्यापारी संतोष गुप्ता निवासी सीतापुर ने बताया कि वह एक चिल्हर व्यापारी है और अक्सर अपने काम के सिलसिले में धरमजयगढ आना जाना करता है। बीते दिनों वह अपने हेल्फर नंदकिशोर के साथ अपनी पिकअप से चाल्हा और रूवांफूल की ओर गए हुए थे । जहां से चावल, महुआ और कुछ अन्य सामानों की खरीदारी करने के बाद शाम को वापस लौट रहे थे। इसी बीच शाम करीब 6 बजे ग्राम रामपुर के लम्ती नाला के पास पहुंचे थे, जहां रोड में एक पेड की बडी व मोटी सी टहनी पडी हुई थी। जिसे हटाने के लिए दोनों वाहन से उतरे, ठीक इसी बीच बाइक से चार नकाबपोश बाहर आए और कट्टा दिखा कर डराते धमकाते हुए उनके पास बैग में रखे नगद करीब 50 हजार रूपए और मोबाइल को लूट लिया।

आरोपियों ने संतोष गुप्ता से पिकअप की चाबी ली और वाहन को कुछ दूर जाने के बाद छोड कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चारों आरोपी खम्हार की ओर जाते हुए देखे गए हैं। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने नकाबपोशों की तलाश शुरू कर दी गई है।



**अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

### आंधी-तूफान से सरिया क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बाधित

**सारंगढ़।** सरिया तहसील क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं के चलते बड़े.बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गए] जिससे बिजली पोल और तारों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। कई जगह ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गएए जिसके कारण इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। तूफान का सबसे ज्यादा असर सरिया क्षेत्र के बरपाली, कांदूरपाली, पंचधार और बुदबुदा गांवों में देखने को मिला। यहां बिजली लाइनें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद से ही बिजली विभाग की टीम लगातार सुधार कार्य में लगी हुई है। डिविजनल इंजीनियर पी के महानंदा, असिस्टेंट इंजीनियर बरमकेला गजाधर, जूनियर इंजीनियर सरिया मदन नायकए जूनियर इंजीनियर साल्हेओना किशन भोई स्वयं करीब 30-35 कर्मचारी और ठेकेदार मार्तंड पटेल व लोकेश पटेल मौके पर डटे रहे।

## पुलिस यूथ यूनिटी स्पोर्ट्स में ताइक्वांडो के जरिए युवाओं को मिला नया मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस द्वारा आयोजित पुलिस यूथ यूनिटी स्पोर्ट्स के अंतर्गत 2 दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन अग्रोहा भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान हनुमान के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर इस प्रतियोगिता की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे समेत खेल जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे । सभी ने इस पहल को युवाओं के लिए एक मजबूत मंच बताते हुए इसकी सराहना की । प्रभारी कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे ने अपने संबोधन में कहा कि रायगढ़ में ताइक्वांडो के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है और पुलिस द्वारा उन्हें मंच देने से उनकी प्रतिभा को नई पहचान मिलेगी । वहीं एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक दिशा देना है, ताकि वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता में जिले के 10 क्लबों से 170 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में विभाजित किया गया है। पहले दिन गर्ल्स वर्ग के मुकाबले 1-1 मिनट के दो राउंड में आयोजित किए गए, जिनमें विजेता खिलाड़ियों ने अगले चरण में प्रवेश किया।



#### आज इनके बीच होगा मुकाबला

प्रतियोगिता के दूसरे दिन बॉयज अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग के मुकाबले होंगे, साथ ही सभी वर्गों के फाइनल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद शाम को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ आयोजन का भव्य समापन होगा। रायगढ़ पुलिस ने जिले के खेल प्रेमियों और अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

#### दिव्यांगों का भी दिखा जलवा

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया जब दिव्यांग बच्चों ने ताइक्वांडो का शानदार प्रदर्शन किया। उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और जज्बे ने सभी का दिल जीत लिया और यह संदेश दिया कि सच्ची प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल मैदान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में पुलिस अधिकारियों, कोचों और खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। 15 ऑफिशियल, 20 कोच और राज्य स्तरीय रेफरी राजकुमार शर्मा व वेद प्रकाश जायसवाल की देखरेख में मुकाबले कराए जा रहे हैं।

## जांच अभियान में अस्पतालों व फार्मेसी की कोल्ड चेन व्यवस्था पर विशेष फोकस

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सही दवा, शुद्ध आहार.यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले स्तर पर संचालित यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जिलेभर में निरंतर जारी हैए जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुरूप खाद्य सामग्री एवं औषधियां उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में आज 1 मई को रायगढ़ शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं उनसे संबद्ध फार्मेसी प्रतिष्ठानों में वैक्सीन स्टोरेज की कोल्ड चेन व्यवस्था का विशेष निरीक्षण एवं सघन जांच की गई। जांच के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। कार्यवाही के अंतर्गत अपेक्स फार्मेसी छातामुड़ा बायपास, गोयल फार्मेसी छातामुड़ा, चिल्ड्रन हॉस्पिटल लोचन नगर एवं मेट्रो हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण, निर्धारित तापमान के अनुरक्षण, कोल्ड चेन की सतत निगरानी, स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण प्रणाली की विस्तार से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित संचालकों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए तथा कोल्ड चेन प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई।





## प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर किया जा रहा सर्वे

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जनगणना.2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत आज से जिले के सभी अनुविभागों में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह अभियान 30 मई तक संचालित होगा। प्रथम दिवस चार्ज अधिकारियों ने जनगणना कार्य के लिए प्रगणक दलों को विधिवत रवाना किया। उन्हें अपने.अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर घर.घर सर्वेक्षण प्रारंभ करने तथा कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं अनुविभागीय जनगणना अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी, प्रवीण भगत, प्रवीण तिवारी, महेश शर्मा तथा भरत कौशिक द्वारा प्रथम दिवस अपने.अपने अनुविभाग के विभिन्न ग्रामों में संचालित मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य का निरीक्षण किया और प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जनगणना.2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य 1 मई से सुचारु रुप से जारी हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे प्रगणक दलों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

### टारगेट का 50 प्रतिशत हो चुका है भंडारण, वितरण को लेकर अभी बरकरार है सस्पेंस

# समितियों में हो रहा खाद भंडारण, किसानों को वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समितियों में खाद का भंडारण तो हो गया है, लेकिन किसानों को वितरण को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। कारण वितरण का निर्देश अभी तक मिला नहीं है। ऐसे में समिति प्रबंधक इस आदेश का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर समितियों का गोदाम भी जाम हो चुका है। ऐसे में यदि वितरण नहीं हुआ तो भंडारण की समस्या आने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

- समिति प्रबंधक कर रहे आदेश का इंतजार, गोदामों में जगह की भी कमी



जिले में इस बार समय से पहले ही खाद का भंडारण होने लगा है। टारगेट का करीब 50 फीसदी अभी तक भंडारण हो चुका है। हालांकि भंडारण के बाद भी किसानों को वितरण पर प्रतिबंध है। इसका कारण अधिकारियों को भी नहीं पता है।

इससे समितियों में भंडारण की समस्या आ रही है। जानकारी के अनुसार बारिश के पहले तक गोदामों में पूरा खाद का भंडारण का टारगेट है, लेकिन यदि वितरण साथ में नहीं होगा तो खाद गोदाम के बाहर रखना पड़ेगा। क्षमता के हिसाब से कुछ समितियों का गोदाम तो बड़ा है, लेकिन कुछ गोदाम काफी छोटा है। ऐसे में वितरण नहीं होने की स्थिति में भंडारण की दिक्कत हो सकती है। ऐसे में समिति प्रबंधक भी किसानों को वितरण आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

#### इस बार बढ़ा है टारगेट

इस बार खाद वितरण का टारगेट बढ़ा है। बीते साल यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी और एनपीके खादों का टारगेट समितियों में 31 हजार 200 एमटी था। इसमें 28 हजार 775 एमटी का वितरण हुआ था। याने बीते साल खाद की काफी मारामारी थी। कई बार खाद के लिए कई जगहों पर आंदोलन भी हुआ था। इसके कारण इस साल करीब 1140एमटी खाद का टारगेट बढ़ाया गया है। याने इस साल समितियों में 32 हजार 400 एमटी खाद वितरण का टारगेट है।

#### डीएपी की कमी

अभी तक के भंडारण की स्थिति पर गौर किया जाए तो यूरिया का भंडारण 54.59फीसदी हो चुका है। वहीं अन्य खाद भी पर्याप्त भंडारण हो चुका है। केवल डीएपी खाद का भंडारण ही कम हुआ है। अब तक 34.16 फीसदी ही डीएपी खाद का भंडारण हुआ है।

### प्रधान आरक्षक देवसाय को दी गई विदाई

**रायगढ़।** जिला पुलिस बल में प्रधान आरक्षक देवसाय तिर्की को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित इस एक समारोह में विभाग के अधिकारियोंए कर्मचारियों और परिजनों की उपस्थिति रही। 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद 30 अप्रैल को सेवा से सेवानिवृत्त हुए देवसाय तिर्की ने लगभग 28 वर्षों तक पुलिस विभाग में निष्ठाए अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। समारोह के दौरान उनके सेवाकाल को याद करते हुए डीएसपी सुशांतो बनर्जी ने बताया कि वे मूलतः सीतापुर सरगुजा के निवासी हैं और वर्ष 1998 में जबलपुर मध्यप्रदेश से आरक्षक पद पर अपनी सेवा की शुरुआत की थी।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य खलखो एवं कश्यप को दी गई विदाई



**जशपुरनगर।** संकुल समन्वयक मोहम्मद शाहिद खान जुबराज यादव एवं गणेश यादव के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बतनीडाड के प्रांगण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की सेवानिवृत्त प्राचार्य विनय प्रभा खलखो एवं शासकीय प्राथमिक शाला चिटकवाइन के सेवानिवृत प्रधान पाठक ललित कुमार कश्यप का भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक शोभावती साव एवं कृपा एक्का द्वारा सेवानिवृत प्राचार्य की जीवनी, उच्च व्यक्तित्व तथा अद्भुतकार्यशैली का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, वही मीना खेस्स और पूनम नाग ने सेवा निवृत प्रधान पाठक ललित कुमार कश्यप की जीवनी एवं दायित्व के प्रति समर्पण भाव का प्रतिवेदन प्रस्तुत की। मंच संचालन शिक्षक राशिद अनवर खान के द्वारा किया गया।

### दो शिक्षकों को मिला पीपीओ विदाई पर नम हुईं आंखें



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड शिक्षा विभाग के सभागार में गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए दो वरिष्ठ शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कालिया के प्रधान पाठक अमृत राम खलखो तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिहारडांड़ के शिक्षक (एलबी) नारायण यादव को उनके लंबे सेवाकाल के बाद सम्मानपूर्वक पीपीओ प्रदान किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव होते हैं और उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहता है। उन्होंने दोनों शिक्षकों के उज्ज्वल और सुखद सेवानिवृत्ति जीवन की कामना की। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप टोप्पो, लेखाकार शैलेश अम्बस्ट, प्रधान लिपिक अमृत किस्पोट्टा, तिलक श्रीवास, मनोज बाखला, एमआईएस समन्वयक ममता शर्मा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मारपीट कर बुलेट सवार से लूट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ग्राम दतिमा आमापारा निवासी पप्पु राजवाडे आ. स्व. मानिकचंद राजवाडे सोमवार को साथी टेम साय राजवाडे के साथ बुलेट क्रमांक सीजी 29 एएच 1811 की लाई बनाने सहित अन्य काम से शहर आए थे। शाम को वापस बुलेट से घर जाने लगे और जैसे ही बनारस रोड एक होटल के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया और विवाद करने के साथ मारपीट कर दोनों को बुलेट में बैठाकर कमोदा बिहार के समीप सुनसान जगह में ले गए। साथ ही थाने ले जान की धमकी देते हुए रूपए की मांग मांग करने लगे। इसी बीच युवक ने नकदी नहीं होने की बात कही तो युवकों ने एक युवक को च्वाइस सेंटर लेकर चले जहां नकदी 4 हजार 40 हजार रूपए फोन पे में डलवाने के बाद 4 हजार रूपए लेकर वापस लौटे और दोनों को डरा धमका कर युवकों के पास रखे सामान को लूट कर फरार गए।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम मितगई निवासी मान साय आ. दल्लू (39 वर्ष) गत दिन पत्नी सुनीता आयाम से चिकन के लिए पांच रुपए की मांगा। पत्नी ने रुपए नहीं होने पर पड़ोसी गया गई और रुपए ली तभी पति पहुंचा और पत्नी के पास से दो रुपए लेकर शराब पी लिया और घर आकर कीटनाशक लेकर नदी की ओर चला गया।

## जशपुर बनेगा आधुनिक दाबित सिंचाई प्रणाली का राष्ट्रीय मॉडल जिला

# बगिया क्लस्टर समृद्धि एम-कैड योजना से 13 गांव के 4933 हेक्टेयर में होगी सिंचाईः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में समृद्धि कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन आधुनिकीकरण (एम-कैड) योजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने बगिया दाबित उद्वहन सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बगिया समृद्धि एम-कैड योजना जशपुर जिले के लिए सिर्फ एक सिंचाई परियोजना नहीं, बल्कि हर बूंद से अधिक उत्पादन की सोच का प्रतीक है। इसके सफल क्रियान्वयन से जशपुर देश के लिए आधुनिक दाबित सिंचाई प्रणाली का मॉडल जिला बनेगा। परियोजना के तहत पारंपरिक नहर प्रणाली के स्थान पर आधुनिक प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे जल उपयोग दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके तहत जमीन के अंदर पाइप बिछेगी, जिससे जमीन अधिग्रहण की भी समस्या नहीं होगी। पहले सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता था। अब इस योजना से पानी की कमी दूर होगी। साथ ही किसानों को पर्याप्त पानी भी मिलेगा। यह परियोजना कांसाबेल विकासखंड के बगिया क्लस्टर में मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के माध्यम से लागू की जा रही है। देश में 23 राज्यों में 34 योजना स्वीकृत किए गए है। इसमें प्रदेश का एकमात्र बगिया क्लस्टर शामिल है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 95.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना की कुल लागत लगभग 119 करोड़ रुपए है। इसके अंतर्गत बगिया, उसकुटी, रजोती, सुजीबहार, चोंगरीबहार, बांसबहार, डोकड़ा, सिकरिया, पतराटोली, गहिराडोहर, बीहाबल, नरियरडांड एवं ढुढुडांड सहित 13 ग्रामों के लगभग 4933 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, आईजी दीपक झा, एसएसपी लाल उमेद सिंह, डीएफओ शशि कुमार, एडीएम प्रदीप साहू, समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।






### पानी का होगा समुचित उपयोग

समृद्धि योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था। एमकैड कार्यक्रम के अंतर्गत कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बगिया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य 6 माह में पूर्ण किया जाएगा। बगिया समृद्धि योजना का संचालन एवं संधारण जल उपभोक्ता समिति के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात प्रारंभिक 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, इसके बाद यह जिम्मेदारी जल उपभोक्ता समिति को सौंपी जाएगी। समिति में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना, पानी की हर बूंद का समुचित उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना तथा किसानों की आय में स्थायी सुधार लाना है। परियोजना में विद्युत आपूर्ति सौर ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी। साथ ही जल के नियंत्रित एवं वैज्ञानिक उपयोग के लिए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई परिसंपत्तियों पाइप नेटवर्क संरचना एवं जल प्रबंधन के संचालन में किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डेटा एवं विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित किया जाएगा कि कहां, कब और कितना पानी देना है। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के साथ उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसानों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे दीर्घकालीन उत्पादकता, लाभप्रदता और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार सुनिश्चित होगा।

### गांवों का होगा सर्वांगीण विकासः तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने क्षेत्रवासियों को सिंचाई कार्य शुभारम्भ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिंचाई योजना से गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। खेतों में जल की समुचित आपूर्ति होगी। जिससे किसान अधिक समृद्ध और खुशहाल होंगे। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि बगिया क्लस्टर सिंचाई योजना आने वाले समय में किसानों के लिए वरदान साबित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधिक विकसित होंगी।

## मुख्यमंत्री ने स्व. अंधारे को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम बंदरचुंआ, विकासखंड कुनकुरी पहुंचकर स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे के आकस्मिक निधन पर आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद श्री राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय सहित बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकों ने भी स्वर्गीय विवेक अंधारे को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय विवेक अंधारे मुख्यमंत्री के निज सहायक दीपक अंधारे के चचेरे भाई तथा विनायक अंधारे के सुपुत्र थे।



## तोखन व रामविचार समेत बगिया पहुंचे सीएम साय

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम बगिया विकासखंड कांसाबेल पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी आए हैं। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों एवं ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, आईजी दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल रहे।



## दूध और दुग्ध उत्पादों की दुकानों का अफसरों ने किया सघन निरीक्षण

**जशपुरनगर।** सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन एवं जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में चल रहे 15 दिवसीय सही दवा.शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तृतीय दिवस खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला मुख्यालय जशपुर नगर में कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जशपुर नगर क्षेत्र में दूध और दुग्ध उत्पादों के विक्रय केंद्र, डेयरी आदि का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी में दूध की उपलब्धता, दूध से बनने वाले उत्पाद जैसे दही, पनीर, घी, लस्सी आदि के विनिर्माण की प्रक्रियाओं और रखरखाव के विषय में संबंधित खाद्य कारोबारियों को मौके पर आवश्यक जानकारी व दिशा.निर्देश दिए गए। शंका के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दही, गाय का दूध और पनीर के कुल 3 नमूने संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षित प्रतिष्ठानों में विगत दिवस 29 अप्रैल को श्रीकृष्णा डेयरी, रांची रोड, नीलेश डेयरी, नीलेश स्वीट्स, नीलेश केक एंड डेली निड्स बस स्टैंड, अरुण डेयरी, बिरसा मुंडा चौक और पुनीत डेयरी, कलेक्टर ऑफिस रोड शामिल हैं। जिले में यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ एवं गुणवत्तायुक्त औषधि उपलब्ध कराना तथा खाद्य औषधि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना है।




## यशस्वी जशपुर के सहायक नोडल शर्मा हुए सेवानिवृत्त

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में संजीव शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावपूर्ण वातावरण में विदाई समारोह आयोजित हुआ। श्री शर्मा ने 9 दिसंबर 1991 से 30 अप्रैल 2026 तक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में जिले को महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सेवानिवृत्ति के दिन श्री शर्मा अपने परिवार के साथ समारोह में उपस्थित हुए। उनके बेटे चिराग, बेटी तनिष्का एवं दामाद रोहित मिश्रा एवं नातिन जीविका मिश्रा विशेष रूप से इंदौर से इस अवसर पर शामिल होने पहुंचे। विदाई समारोह में सभी की आंखें नम थीं। समारोह के दौरान बेटा चिराग और बेटी तनिष्का अपने पिता के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हुए अत्यंत भावुक हो गए, जिससे वातावरण और अधिक संवेदनशील हो गया। संजीव शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने शासकीय सेवा को पूरी ईमानदारी से निभाया है इसलिए वे आज पूरे संतोष से सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने सभी सहकर्मियों के साथ कार्य करने के अपने अनुभव भी बताएं और सभी का आभार भी व्यक्त किया।



## कार से टकराई बाइक, युवक की मौके पर मौत

**राजपुर।** ग्राम भादर बाजार के समीप मुख्य मार्ग पर बाइक सवार कार से जा टकराया जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सेवारी निवासी रामचंद्र आ. खोडिया (16 वर्ष) गुरूवार की दोपहर युवक बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9630 से किसी काम के सिलसिले में शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम रकईया जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कुसमी मुख्य मार्ग भादर बाजार के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 10 एयू 6980 से सीधे जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कार चालक वाहन को मोड़ रहा था तभी बाइक सवार सीधे कार से जा टकराया। घटना की जानकारी लगते ही राजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## सरगुजा की बेटी रिंकी का भारतीय टीम में चयन

अंबिकापुर। जिले की खिलाड़ी रिंकी सिंह का चयन आगामी तीसरे इंटरनेशनल टारगेटबॉल अचीवर्स कप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 से 7 मई 2026 तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित होगी, जिसमें भारत की टीम भाग लेगी। सरगुजा जैसे दूरस्थ एवं संसाधन-विहीन क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना रिंकी की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। सीमित सुविधाओं के बावजूद उन्होंने जिस प्रकार लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि रिंकी सिंह ने अपने खेल जीवन में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित सीनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक, सीनियर नेशनल फेडरेशन कप (मथुरा) में रजत पदक (टीम कप्तान के रूप में) तथा हरियाणा टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक के साथ "बेस्ट शूटर" अवार्ड उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं।



## होटल की आकस्मिक जांच में मिली दो लाख से अधिक कालातीत खाद्य सामग्री







**अम्बिकापुर।** प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने गुरूवार को शहर के विभिन्न होटल एवं मिष्ठान दुकानों की औचक जांच की। टीम की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इस दौरान टीम ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के एक स्वीट्स दुकान से 2 लाख रूपए से अधिक का कालातीत खाद्य सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे सील कर दिया। गुणवत्ताहीन एवं शाकाहारी व मांसाहारी भोजन एक साथ बनाने एवं परोसने के मामले में टीम ने एक होटल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को दण्डराशि अधिरोपित की है। शहर सहित जिलेभर के होटल-ढाबों एवं मिष्ठान दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना करने के साथ ही गुणवत्ताहीन एवं मिलावटी सामग्री का विक्रय करने, स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायत पर कलेक्टर अजीत बसंत ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व, ननि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त जांच दल गठित कर होटल-ढाबों की जांच कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक टीम ने गुरूवार को प्रतीक्षा बस स्टैण्ड स्थित शिवम मिष्ठान एवं डेली नीड्स दुकान में छापामार कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री विक्रय करने संबंधी शिकायतें लगातार मिल रही थी। इस दौरान दुकान में बड़े पैमाने पर कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट देख टीम के सदस्य हैरान रह गए। कई सामग्रियों की एक्सपायर तिथि मिटा दी गई थी जबकि बड़ी संख्या में खाद्य सामग्रियों के कालातीत पैकेट को यथावत विक्रय किया जा रहा था। टीम के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट को छांटकर अलग किया तो दो लाख से अधिक की खाद्य सामग्री निकली। जब्त खाद्य सामग्री को नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। दुकान में पांच ट्रे में रखे सड़े लड्डू एवं बरफी को टीम ने फेकवा दिया। जब्त कालातीत खाद्य सामग्री से ननि की ट्रैक्टर ट्राली भर गई थी। माना जा रहा है कि दुकान संचालक अधिक कमाई के लालच में एजेंसियों से दुकानदारों द्वारा लौटाई गई कालातीत खाद्य सामग्रियों को सस्ते दरों पर खरीदता था तथा पैकेट पर छपी कीमत पर बेचता था। बस स्टैण्ड होने के कारण अधिकांश यात्री दुकान संचालक की मनमानी पर ध्यान नहीं देते थे किसी का ध्यान जाता भी था तो व्यवसायी उन्हें डांटकर भगा देता था। दुकान 24 घंटे संचालित होती थी। दुकान में शटर तक नहीं लगाया गया है। टीम ने तिरपाल से ढककर दुकान से सामग्री का विक्रय प्रतिबंधित किया है।

## 396 नग नशीले इंजेक्शन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांधी नगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से न सिर्फ नशे के कारोबारी चार आरोपियों को पकड़ा बल्कि आरोपियों के पास से दो लाख कीमत की 396 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला अधिकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 29 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर थाना गांधीनगर अंतर्गत चार नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों पर कार्रवाई की गई। राजपुर अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी अक्षय जायसवाल को आसडांढ घंघरी बाजार के पास पकड़ा और उसके पास से 240 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 रुपए है। इसी तरह शाम को मुखबिर की सूचना पर मूलतः बिहार के रहने वाला नमना कला निवासी ओम उर्फ शौर्य पाठक जो कि सरगवां में किराए का मकान लेकर रहता था। उसके किराए के मकान में दबिश देकर उसके पास से 38 हजार कीमत की 76 नग नशीला इंजेक्शन जब्त की गई। इसी बीच कार्रवाई के बाद आरोपी ओम पाठक आबकारी स्टाफ को बाथरूम जाने का चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी पतासाजी की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश के दौरान टीम जैसे ही पीजी कॉलेज ग्राउंड के समीप पहुंचा तभी वहां दो युवकों को संदिग्ध हालत में देख पकड़ पूछताछ किया तो एक ने अपना नाम विवेक कुमार सोनी तथा दूसरे ने अपना नाम प्रिंस एक्का बताया।

## खबर संक्षेप



### निगम की जीत से क्रिकेट का शुभारंभ

**रायगढ़।** सर्व विभागीय कर्मचारी क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। 1 से 3 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो और नगर निगम कमिश्नर ब्रजेश सिंह क्षत्रिय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिससे आयोजन का माहौल और भी जीवंत हो उठा। प्रतियोगिता के पहले ही मुकाबले में जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। टॉस जीतकर जिला प्रशासन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन नगर निगम की अनुशासित और धारदार गेंदबाजी के सामने उनकी पारी लड़खड़ा गई। निर्धारित 10 ओवर में टीम 9 विकेट खोकर महज 78 रन ही बना सकी। 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर निगम की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल और तेज़ रन गति के साथ खेलते हुए मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। टीम ने केवल 1 विकेट खोकर 7वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत अपने नाम कर ली। इस क्रिकेट मैच को लेकर अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन कर्मचारियों के बीच न केवल आपसी समन्वय और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की टीमें भाग ले रही हैं, जहां हर मुकाबला रोमांच से भरपूर होने की उम्मीद है। इस दौरान मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। अब सभी की नजरें आगामी मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां हर टीम बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बनने के लिए पूरी ताकत झोंकती नजर आएगी।

### 22 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग की पहचानए उपचार एवं पुनर्वास को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कुष्ठ विकृति सुधार शल्य चिकित्सा शिविर के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल में कुष्ठ रोग विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि निर्धारित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा की निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के अनुसार प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि 1 से 10 मई तक प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक है।

## शुरू हुई जनगणना : घर-घर पहुंच रहे प्रगणक

# जनगणना को सफल बनाने नुक्कड़ नाटक और एलईडी से संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जनगणना 2027 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 02 मई तक जिले के विभिन्न अनुविभागों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनगणना के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रेलवे स्टेशन चौक रायगढ़ में नुक्कड़ नाटक, एलईडी स्क्रीन प्रदर्शन तथा पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं नागरिकों की भूमिका को सहज और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं एलईडी स्क्रीन के जरिए स्व.गणना, मकान सूचीकरण एवं जनसंख्या गणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में प्रदर्शित की गईं, जिससे आमजन को प्रक्रिया को समझने में आसानी हुई। अभियान के अंतर्गत बताया गया कि जनगणना.2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी और यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पूरी होगी। जनगणना का प्रथम चरण 01 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा मकानों की गणना तथा मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात द्वितीय चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या की वास्तविक गणना की जाएगी। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने नागरिकों से जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने की अपील की। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# सुशासन तिहार के शिविरों में आधार सीडिंग और ई.केवाईसी की मिलेगी विशेष सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में इस बार आमजन के लिए बड़ी राहत की व्यवस्था की जा रही है। सभी शिविरों में बैंक आधार सीडिंग और ई.केवाईसी कराने के लिए अलग से विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इससे महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजना हितग्राहियों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनके बैंक खाते अभी आधार से लिंक नहीं हैं या जिनकी ई.केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है। शिविर में इसके अलावा सभी विभागों का स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें आम नागरिक, ग्रामीण, किसान, माताएं शिविर में पहुंचकर अपने समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा पीएम आवास योजना, नरेगा जॉब कार्ड, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन जैसे राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए के सकते है। प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों के लिए आज जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने इस अभियान की व्यापक प्रचार प्रसार करने, दीवार लेखन कराने और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। जिले में 4 मई से 10 जून तक विकासखंडवार 5 चरणों में कुल 27 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का मौके पर समाधान करना और शासन की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाना है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करेंगे और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगाए ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों में पहुंचकर लाभ उठा सकें। बैठक में नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर रवि राही, एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हाटी पीएचसी में एचपीवी टीकाकरण 72 बालिकाओं को लगा टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटी



सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटी में एचपीवी वैक्सीनेशन का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का टीका लगाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत हाटी की सरपंच श्रीमती प्रेमकुमारी राठिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्याम सुंदर राठिया, उप सरपंच श्रीमती चंचल राजा अग्रवाल, भाजपा छाल मंडल महामंत्री मुरारी लाल पटेल बहेरामार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीएचसी हाटी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार भोई के नेतृत्व में सेक्टर हाटी सुपरवाइजर लालजी राठौर, मितानिन, पुरुष-महिला द्वितीय तथा स्टाफ नर्सों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत कुल 72 बालिकाओं को सफलतापूर्वक एचपीवी टीका लगाया गया एवं उन्हें प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। विशेष बात यह रही कि रायगढ़ जिले में यह एचपीवी टीकाकरण की अब तक की सर्वाधिक संख्या दर्ज की गई, जो सामूहिक प्रयास और जागरूकता का परिणाम है।

# पीएमश्री सेजेस घरघोड़ा ने रचा इतिहास 5 सालों में 3 बार स्कूल के छात्र रहे टॉपर



**घरघोड़ा।** पीएमश्री सेजेज घरघोड़ा ने इतिहास रचते हुए कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में माशिमं प्रवीण्य सूची में फिर अपने स्कूल के विद्यार्थी का नाम दर्ज कराया है। एहसान अली पिता अहमद अली ने कक्षा दसवीं में 600 में से 587 अंक 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में पूरे प्रदेश में आठवां स्थान अर्जित किया है।

पीएमश्री सेजेज अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का प्रथम परीक्षा परिणाम 2022 में आया जिसमें 8 विद्यार्थी थे। 2023 में पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा के विद्यार्थी दानवेंद्र कृष ने कक्षा दसवीं में 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में नौवां स्थान अर्जित किया। 2024 में उक्त परिपाटी को जिंदा रखते हुए पीएमश्री सेजेज की छात्रा कुमारी खुशी पटेल ने कक्षा दसवीं में 97.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरान्वित किया। पुनः 2025 में पीएम श्री सेजेज घरघोड़ा की छात्रा कुमारी लक्ष्मी केवल पांच अंको से अपना नाम टॉप टेन में दर्ज कराने में चुकी। पूर्व के 2 सालों में जो टॉप टेन में विद्यार्थी पीएमश्री सेजेज से आ चुके थे उनसे प्रेरणा लेते हुए तथा परिपाटी को कायम रखते हुए एहसान अली पिता अहमद अली ने 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में आठवां स्थान अर्जित किया है। किसी भी संस्था के लिए यह अत्यंत गौरव की बात होती है कि उसके विद्यार्थी प्रदेश के प्रवीण सूची में स्थान अर्जित करें। कई सालों में यह कभी.कभी संभव हो पाता है, परंतु पीएमश्री सेजेज ने 5 सालों में तीन बार प्रवीण्य सूची में स्थान अर्जित कराकर विद्यालय को इसके नाम के अनुरूप उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे विद्यालय परिवार अत्यंत हर्षित है।

# सरस्वती अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर बढ़ाया चंद्रपुर का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर




सरस्वती अंग्रेजी माध्यम स्कूल ने 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर शानदार परिणाम देकर अपनी उत्कृष्टता साबित की हैं। विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने मेहनत और लगन का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं। बोर्ड परीक्षा मे 19 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर न केवल अपनी मेहनत का परिचय दिया, बल्कि विद्यालय का नाम भी पूरे चंद्रपुर में रोशन किया। जिसमे 14 से अधिक बच्चों ने अलग अलग विषयों में 95 नंबर से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विनोद पटेल ने बताया कि शिक्षकों की अथक मेहनत, व्यक्तिगत ध्यान और निरंतर मार्गदर्शन के कारण ही यह बेहतरीन परिणाम संभव हो सका। हर छात्र की पढ़ाई की बारीकी से निगरानी की गई, उनकी कमजोरियों को दूर करने के लिए विशेष क्लासेस और आयोजित किए गए। इस उपलब्धि पर समलाई बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने विद्यालय के सभी शिक्षकए प्राचार्य की सराहना की। साथ ही छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देगी। आने वाले वर्षों में भी विद्यालय इसी प्रकार की उत्कृष्टता बनाए रखते हुए बच्चों को बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। चंद्रपुरवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि शहर में सरस्वती अंग्रेजी माध्यम स्कूल निरंतर बेहतरीन परिणाम दे रहा है। छात्रों ने भी शिक्षकों के इस प्रयास को फलदायी बनाते हुए शानदार नतीजे दिए। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार और सम्मानित शिक्षकों को देते हुए कहा यहां हमें सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और आत्मविश्वास भी मिला।

## जाह्नवी ने किए 12वीं में 90.60 प्रतिशत अंक हासिल



**बिलाईगढ़।** माशिमं द्वारा घोषित कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणामों में ग्राम पंचायत बांसउरकुली की होनहार छात्रा जाह्नवी यादव ने 12 वीं में 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादो और निरंतर मेहनत के सामने आर्थिक कठिनाइयां भी हार मान लेती हैं। उनके पिता गणेश यादव और माता सविता यादव एक निजी स्कूल में कार्यरत है। जाह्नवी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है।वहीं जाह्नवी यादव को 90.60 प्रतिशत अंक हासिल प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने सफ़लता पर खुशी जताते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दिया है।

## आयुष ने छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए स्केटिंग में लहराया परचम




**घरघोड़ा।** घरघोड़ा का स्केटर आयुष श्याम ने भारत के मोहाली चंडीगढ़ में आयोजित प्रतिष्ठित थर्ड इंडिया स्केट गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो भारतीय कांस्य पदक अपने नाम किया है। आयुष श्याम थर्ड इंडियन स्केट चैंपियनशिप 2026 में इनलाइन अलपाइन और इनलाइन डाउन हिल स्पीड स्केटिंग में भारत के मोहाली चंडीगढ़ में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। आयुष ने इनलाइन अल पाइन और इनलाइन डाउनहिल स्केटिंग में दो भारतीय कांस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का पहला भारतीय स्केटर का रिकॉर्ड बनाया है। यह जीत न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में स्केटिंग के क्षेत्र में एक सुनहरा उपलब्धि है। 17 वर्षीय आयुष ने भारतीय कांस्य पदक अपने नाम कर एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2027 के सिलेक्शन ट्रायल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

# 4 मई को आएंगे रियल रिजल्ट, भाजपा की लहर नहीं सुनामी दिखेगी: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 4 मई को जब चुनाव के वास्तविक परिणाम आएंगे, तब पूरे देश को पता चलेगा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर नहीं, सुनामी चल रही है। ओपी चौधरी ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से जिस तरह भाजपा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक जनता का आशीर्वाद मिल रहा है, वह अभूतपूर्व है।

एक्जिट पोल एक्जेक्ट साबित होंगे और 4 मई को परिणाम आने पर विरोधियों के सारे भ्रम दूर हो जाएंगे। भीषण गर्मी के बीच भी आम जनता ने उत्साह के साथ, भयमुक्त होकर रिकॉर्ड मतदान किया है। हाई परसेंटेज वोटिंग जनता के गुस्से और बदलाव के संकल्प को दिखाता है। यह वोट मोदी की गारंटी और भाजपा की नीतियों के पक्ष में है। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन को ठीक किया गया। बूथ कैप्चरिंग और हिंसा पर लगाम लगी, उसके कारण मतदाताओं ने निर्भय होकर कमल का बटन दबाया है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकार कर विकास को चुना है। डबल इंजन सरकार पर जनता का भरोसा बताते हुए श्री चौधरी ने कहा केंद्र में मोदी और राज्यों में भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने गरीब कल्याण, नारी शक्ति, युवा रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया है। जनता ने इस काम पर मुहर लगाई है।

### सोशल मीडिया पर जरूरी कंटेंट ही असली राष्ट्र निर्माण

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने युवाओं, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया से जुड़े साथियों से कहा कि सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाते समय केवल व्यूज और फॉलोअर्स को प्राथमिकता न दें, बल्कि ऐसा कंटेंट बनाएं जो भले ही मेजोरिटी को त्वरित पसंद न आए पर समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हो। ओपी चौधरी ने एक सार्वजनिक आयोजन के दौरान कहा आज सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाते समय पहली प्राथमिकता यही रहती है कि अधिकाधिक व्यूज कैसे मिलें, ज्यादा लोग कैसे फॉलो करें। ट्रेंड और सनसनी के पीछे भागना आसान है, लेकिन हम सभी की यह दायित्व भरी जिम्मेदारी है कि हम समाज को क्या दे रहे हैं। कड़वी दवा अक्सर मीठी नहीं लगती पर जीवन बचाती है। वैसे ही शिक्षा, नशा.मुक्ति, बेटी.बचाव, पर्यावरण, डिजिटल साक्षरता, ग्रामीण समस्याएं जैसे विषयों पर बना कंटेंट शायद तुरंत वायरल न हो पर यही कंटेंट आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेगा।

## श्रमिक दिवस के अवसर पर किया गया जागरुक

# विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर सालसा बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पैरालीगल वालिंटियर बालकृष्ण चौहान, टीकम सिदार, लवकुमार चौहान एवं सुभाष चौधरी के द्वारा आयोजित किया गया। आज शिविर में लोगों को बताया गया कि नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं, योजना, का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करना और उन्हें कानूनी सहायता प्राप्त करने में मदद करना है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि असंगठित श्रमिकों को न्याय तक पहुंच प्राप्त हो और वे काम करनेए उचित परिस्थितियों और सभ्य जीवन स्तर के अपने संवैधानिक अधिकारों का एहसास कर सकें। शिविर में श्रमिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, श्रम कानूनों के तहत प्राप्त अधिकार, वेतन, बोनस, कार्यस्थल सुरक्षा, दुर्घटना मुआवजा, महिला श्रमिक संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, श्रमिक पंजीयन, ई.श्रम कार्ड, बीमा लाभ, पेंशन योजना, लोक अदालत एवं मध्यस्थता की जानकारी प्रदान की गई।

## मजदूर भाई-बहनों का सम्मान कर मनाया गया मजदूर दिवस



**रायगढ़।** भारत के इतिहास में शब्दों में मजदूर लिख देते हैं पर भारत के विकास के इतिहास को लिखने की बात आए और उसमें देश की आधी आबादी मजदूरों का शब्द नहीं आए तो बेइमानी होगी। अपना पसीना बहाकर बड़ी इमारतें बनाने वाले मजदूरों का सम्मान में 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर इनके सम्मान के कार्यक्रम हो तो सकुन के साथ इंसानियत भी होती है। 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सारी दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जाता है पर इनके द्वारा किए गए विश्व के विकास के लिए कार्यों को याद भी किया जाता है जबकि विश्व की आधी से ज्यादा आबादी मेहनत कश मजदूर भाइयों की है। इनके सम्मान के प्रयास हों तो निश्चित ही खुशी होती है। इसी तारतम्य में रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ संस्था के द्वारा केलो तट पर मजदूर बहनों और भाइयों का सम्मान किया। जिसमें उन्हें सर्वप्रथम गमछा भेंट किया गया। तदोपरांत मजदूर दिवस जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। रायगढ़ ही नहीं देश के सभी जगह विकाश कि इबारत इन मजदूर बहनों और भाइयों के द्वारा लिखी जाती है जो इतिहास में जुड़ता है।








हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166